प्रेस विज्ञप्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-199
25/04/2017

मुख्यमंत्री ने गॉधी पेनोरमा फिल्म समारोह का किया उद्घाटन, विरासत यात्रा को दिखाई हरी झंडी

पटना, 25 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अधिवेशन भवन में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित गॉधी पेनोरमा फिल्म समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। गॉधी पेनोरमा फिल्म समारोह में गॉधी जी के जीवनी पर आधारित विभिन्न फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आज 'क्षमा–स्टोरी ऑफ फादर फेथ' तथा श्याम बेनेगल द्वारा निर्मित फिल्म 'मेकिंग ऑफ महात्मा' फिल्म को देखा। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा विरासत यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्यमंत्री द्वारा गॉधी जी पर लगायी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर कला, संस्कृति मंत्री श्री शिवचन्द्र राम, पद्मश्री सुधा वर्गीज, पद्मश्री उषा किरण खान, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव कला, संस्कृति एवं युवा श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******